हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

12 योग के जरिए तनाव से दूर रहने शिविर में बताएंगे गुर



12 हादसों का चौक बना शहर का मालवीय नगर





## खबर संक्षेप

### वंदे भारत फुटबॉल टीम ने 3-2 से जीता मैच



**भिलाई।** दुर्ग जिला फुटबाल संघ द्वारा आयोजित रिसाली सेक्टर के फुटबाल मैदान में 40 वर्ष से अधिक आयु समूह में वंदे भारत फुटबाल टीम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रिसाली फुटबाल टीम को 3-2 से पराजित किया। टीम का नेतृत्व राजेन्द्र प्रसाद ने किया। टीम के खिलाड़ी इस प्रकार हैं मिथिलेश सिंग, धनंजय चतुर्वेदी, रविशंकर सिंग, धर्मेंद्र राव, स्वदेश सिन्हा, कुजूर, बेसरा, टोप्पो, जोशी सुरेश अन्ना, कृष्णा चौहान, सुनील जैन, दिलीप ध्रुव, गणेश खड़का, टीम मैनेजर वेणु ,कोच संजीव दास, के शेष गिरी संयोजक थे।

### 18 को होगी चयन स्पर्धा

**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आगामी दिनों में आयोजित की जाने वाली सीनियर वर्ग की एलीट ग्रुप की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम भी भाग लेगी। बीसीए सचिव योगेश शाह ने बताया कि इसके लिए गुरुवार 18 जनवरी को एक चयन स्पर्धा का आयोजन कल्याण महाविद्यालय ग्राउंड में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

### कांग्रेसी नेता ने की छेड़खानी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दो महिला सफाई कर्मी के साथ छेड़खानी करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 201, 354, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि सुपर वाइजर गणेश कुमार, कांग्रेस नेता रॉबिन सिंह पर आरोप है कि दोनों ने छेड़खानी किया है। गणेश और रोबिन ने दोनों बहनों के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करते थे। दोनों युवकों द्वारा महिलाओं माह भर से लगातार मानसिक रुप से प्रताड़ित कर रहे है। जब महिलाओं ने गणेश के कहने पर घर जाने से मना किया। तब दोनों को काम से निकाल की धमकी दी। जब शिकायत करने पहुंची महिला देर रात अचानक जामुल थाने में बेहोश हो गई। उसे तुरंत अस्पताल पहुचाया गया। उपचार के बाद महिला ठीक हो पाई। महिलाओं के मुताबिक मामले की शिकायत पहले भी निगम में की थी। जोनल में मोबाइल में रिकार्ड वो ऑडियो भी सुनाई। जिसमें गणेश उन्हें अश्लील बातें और घर जाने के लिए कह रहा है। मधु और शाहिल ने इस पर कोई एक्शन लेने की जगह उस ऑडियो को मोबाइल से डिलीट कर दिया। लिए मोबाइल मांगा तो महिलाओं ने कहा कि उनका मोबाइल टूट गया है और पानी में गिर गया है। रोबिन ने बताया कि जो भी आरोप महिलाओं द्वारा लगाया जा रहा है गलत और बेबुनियाद है। बिना आधार के कार्रवाई की गई है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ पर शहर में निकली हेलमेट रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारंभ सोमवार को हेलमेट रैली निकालकर की गई। इस दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने झंडा दिखाकर किया। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि 15 जनवरी से 14 फरवरी तक माह भर चलने वाले सुरक्षा सप्ताह में आम नागरिकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। पहले ट्रैफिक, आरटीओ मारूति सुकुजी, एसडीआरएफ द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन भी किया। जिलाधीश द्वारा ड्रायविंग सेमोलेटर के बारे में जानकारी ली। एसडीआरएफ द्वारा लगाये गये स्टाल कैमरा, एयर सेपरेटर, कटर, ग्लास कटर उपकरण का प्रदर्शन किया। ट्रैफिक विभाग प्रदर्शनीय में माडल के माध्यम से सडक दुर्घटनाओं के लाईव माडल जेब्रा क्रासिंग, स्टाप लाईन, चौक चौराहो में पार्क करने के तरीके, सीट बेल्ट की उपयोगिता, हेलमेट का महत्व, घायल व्यक्तियों की मदद को लेकर प्रदर्शनीय में बताई गई। पोस्टर के माध्यम से भी ट्रैफिक नियमों की जानकारी बताई जा रही है। एलईडी टीवी के माध्यम से भी लोगों को ट्रैफिक के बारे में बताया जा रहा है। कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम भिलाई, डॉ सुधीर गांगे, एएसपी अभिषेक झा, मीता पवार, परिवहन अधिकारी समेत ट्रैफिक के पुलिस जवान अधिकारी मौजूद थे।

### चौक चौराहों का मॉडल

ट्रैफिक नियमों की जानकारी, शार्ट फिल्म को भी प्रदर्शित किया गया। एनएच की प्रदर्शनी में सुपेला चौक, चंद्रा मौया चौक, पावर हाइस चौक, डबरा पारा चौक, के मार्डल को दिखाए गए। फ्लाई ओवर ब्रिज के पूर्ण होने पर ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन कैसे किया जाएगा। इसे भी बताया गया है। इस दौरान डीएसपी प्रतिवेदन में माह भर तक चलने वाले सडक सुरक्षा के दौरान किये जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी दिया। आम नागरिकों को जागरूक करने, चौक चौराहों, हाट बाजार, भीड भाड वाले क्षेत्र, ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण चौपाल का आयोजन के साथ साथ एलईडी स्क्रीन के साथ पीए सिस्टम के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब सेवन कर वाहन ना चलाने को लेकर बताया गया।

### कलेक्टर और एसपी ने दिखाई हरी झंडी





### 225 घायल को पहुंचाया अस्पताल

स्कूल कॉलेजो में रंगोली पेटिंग, निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन सप्ताह में किया जाएगा। नेत्र परीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण, भारी वाहनों में रेडियम पट्टी लगाया जाना है। प्रतिदिन स्कूलो के बच्चों का प्रदर्शनी का भ्रमण कराया जाएगा। वीडियों एवं शार्ट विडियों के माध्यम से ट्रैफिक का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। गुड सेमेरिटन को सम्मानित भी किया जाना है। ट्रैफिक पुलिस वर्ष 2023 में हाईवे पेट्रोलिंग ने 225 घायल व्यक्तियों को गोल्डन अवर में अस्पताल पहुंचाया। साथ ही हाईवे में लगने वाले जाम से आम लोगों को मुक्ति दिलाया है। इस दौरान जिलाधीश ने कहा कि नागरिक हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने अपील की है।

## कार्रवाई : दुर्ग जिला न्यायालय से न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

# कुख्यात गैंगस्टर तपन को फार्म हाउस से किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

साल भर पहले खुर्सीपार में हुए शुभम सिंह राजपुत हत्याकांड मामले गैंगस्टर तपन सरकार को अंततः पुलिस ने फार्म हाउस से गिरफ्तार कर लिया। उसे दुर्ग न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। साल भर से फरार चल रहे तपन सरकार हो पकड़ने के लिए चार थानों की पुलिस टीम जुटी हुई थी।

पुलिस ने बताया कि साल भर से शुभम हत्याकांड में फरार चल रहे सिकोला भाठा दुर्ग निवासी गैंगस्टर तपन सरकार को पकड़ने पुलिस मुंबई, भुनेश्वर उड़िसा भी दबिश देने पहुची थी लेकिन तपन की कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि ग्राम जौंदा स्थित चंपारण रायपुर के फार्म हाउस में छिपा हुआ है। तुरंत पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश देने पहुची और फार्म हाउस को चारों ओर से घेर लिया। उसके बाद तपन को फार्म हाउस से बाहर निकाला गया। पुलिस को संदेह था कि खुर्सीपार निवासी शुभम हत्याकांड में तपन का हाथ हो सकता है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी सेवक निषाद से पूछताछ करने शुरु किया। इसके अलावा आसपास की कडियों को जोड़ने के बाद गैंगस्टर तपन का रोल हत्याकांड में होने की बात सामने आई। पुलिस उसके बाद से तपन की खोज में जुट गई थी। लेकिन गैंगस्टर तपन को पुलिस की जानकारी लगने के बाद से ही फरार चल रहा था।

### खुर्सीपार में 8 मार्च होली के दिन हुई थी शुभम सिंह की हत्या

### अलसुबह पुलिस ने दी दबिश

पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर तपन सरकार को पकड़ने के लिए उसके गुर्गो के यहां भिलाई-दुर्ग समेत नागपुर, मुंबई के मकान, फ्लैटो में दबिश देने जिले की पुलिस टीम पहुची थी। मगर तपन की कोई खास जानकारी मिल पाई थी। घटना के बाद से तपन पुलिस की डर से छत्तीसगढ़ से फरार हो गया था। रविवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि तपन रायपुर स्थित फार्म हाउस में है। जिसे पकड़ने के लिए टीम पहुची थी। सोमवार को सुबह-सुबह करीब 5 बजे गैंगस्टर फार्म हाउस में जब सब सो रहा था। तब पुलिस फार्म हाउस में धावा बोल दिया और तपन गिरफ्त में आया। तपन ने रायपुर में अपने पहचान वाले के फार्म हाउस में पनाह लिया था। फार्म हाउस गोबरा नवापारा से लगे जौंदा गांव के चम्पारण में है। पुलिस की दबिश में मौके से कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। तपन के कुछ गुर्गे मौके से फरार हो गए। वहीं चार को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है।



### तपन को सुको से मिली थी जमानत

11 फरवरी 2005 को भिलाई में गैंगवार हुई थी। तपन सरकार ने सुपेला निवासी गैंगस्टर महादेव महार की हत्या अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। मामले में कुछ महीने बाद पुलिस ने आरोपी गोविंद विश्वकर्मा का एनकाउंटर किया था। इसके बाद एक-एक कर सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। करीब तपन सरकार 17 साल जेल की सजा काटने के बाद तपन माह अगस्त 2022 को जेल से सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर रिहा हुआ था। महादेव महार हत्याकांड में तपन सरकार को अजीवन कारावास की सजा न्यायालय ने सुनाई थी।

### तपन के साथ चार गुर्गे भी पकड़ाए

पुलिस सूत्रों के मुताबिक फार्म हाउस से पुलिस ने गैंगस्टर तपन सरकार समेत कंट्रेक्टर कालोनी सुपेला प्रभाष सिंह,एमआईजी हाउसिंग बोर्ड बाबी उर्फ विद्युत चौधरी, सुभाष नगर कसारीडीह दुर्ग सतीश चंद्राकर, मिलपारा दुर्ग अनुराग दुबे को पकड़ा गया है। उक्त चारों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया है। चारों तपन सरकार के साथ फार्म हाउस में साथ में थे। मगर इस मामले में तपन का गुर्गा सेवक निषाद पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है। शुभम को सेवक ने तपन के कहने पर ही रास्ते से हटाया था। जिसे तपन ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया है। गैंगस्टर तपन पर अब तक 20 से अधिक अपराध दर्ज है।

### पुलिस की इस टीम ने गैंगस्टर को पकड़ा

एसएसपी राम गोपाल गर्ग, एएसपी अभिषेक झा, क्राइम एएसपी डॉ अनुराग झा, छावनी सीएसपी आशीष बंछोर के मार्गदश में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, संतोष मिश्रा, प्रभारी खुर्सीपार उमेन्द्र टंडन, प्रभारी सुपेला दुर्गेश शर्मा, प्रभारी छावनी सोनल ग्वाला, प्रभारी जामुल निरीक्षक केशव कोसले की टीम ने तपन सरकार को पकड़ने में अपनी भूमिका निभाई है।

### अभियान चलाकर किया गिरफ्तार

गैंगस्टर को पकड़ने टीम रायपुर स्थित फार्म हाउस पहुची थी। दबिश देकर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में तपन ने बताया कि उसी के इशारे पर ही हत्या होना स्वीकार किया है। जिले में अपराध करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है।

**-अभिषेक झा,**एएसपी दुर्ग शहर

## शत-प्रतिशत नहीं हो पाई धान केंद्रों में खरीदी

# धान बेचने किसानों की लगी लंबी कतार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले के उपार्जन केन्द्रों में 72 घंटे के अंदर धान का उठाव नही होने के कारण जाम के हालात निर्मित हो गए है। जाम के चलते प्रबंधक किसानों को तत्काल टोकन जारी नही कर रहे है।

जिसके चलते अभी भी जिले के 19 हजार से अधिक किसान धान नही बेच पाए हैं। जिले में 19 लाख क्विंटल केन्द्रों में जाम है। उल्लेखनीय है कि, जिले में 52 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट रखा गया है। जिसमें अब तक 47 लाख क्विंटल की खरीदी हो चुकी है। पंजीकृत 110556 किसानों में 19518 किसान अभी भी एक बार भी धान नही बेच पाए है। राज्य के नए आदेश के बाद प्रति एकड 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है। ऐसे में सवा लाख हेक्टेयर रकबे के अनुसार खरीदी साठ लाख क्विंटल से अधिक की होगी। लेकिन वर्तमान में खरीदी को देखे तो सिर्फ 75 फीसदी ही धान की खरीदी हो पाई है। ऐसे में आगामी 31 जनवरी के पहले 19 हजार किसानों से पंजीकृत रकबे के अनुसार खरीदी चुनौती से कम नही होगी।

- टोकन जारी करने में हो रही देरी, चक्कर काट रहे किसान

### उठाव की गति धीमी

राजस्व अधिकारियों द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर केंद्रों में धान खरीदी, उठाव की स्थिति, स्टैग, ड्रेनेज, बारदाने, अब तक धान बेच चुके किसानों की संख्या, रकबा समर्पित किसान आदि की जानकारी लिए। अधिकारियों ने बताया कि, कोलिहापुरी केंद्र में एक किसान उक्त सोसायटी का नही पाया गया। सेलूद, राहटादाह और डागनिया केंद्र में रकबा समर्पण और लंबित बोनस सत्यापन कार्यवाही में प्रगति लाने निर्देशित किया गया है। सोमनी भिलाई 3 खरीदी केंद्र में उठाव तेजी से हो रही है। निकुम में बारदाना पर्याप्त है। आलबरस केंद्र में 28080.00 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। अहेरी खरीदी केंद्र में 773 से धान क्रय किया गया है। थनोद खरीदी केंद्र में खरीदे गए 59191 क्विंटल धान में से 41350 क्विंटल का उठाव हो चुका है। यहां बारदाने की आवश्यकता है। उठाव की गति भी धीरे है। कोहका में 33007.20 क्विंटल कुल खरीदी में 25690.00 क्विंटल का उठाव हो चुका है। इसी प्रकार मुरमुदा, रौंदा, नंदोरी, झीट, पेंड्रावन, कुम्हारी, अंडा सहित जिले के उपार्जन केन्दों का निरीक्षण कर जानकारियां ली गई।

### अब सिर्फ 12 दिन की मोहलत

विगत एक नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने के बाद 31 जनवरी के बीच किसानों के पास अब सिर्फ 12 दिन की ही मोहलत शेष बची है। वर्तमान में जिले के पंजीकृत इक्कीस हजार किसान धान बेचने से वंचित है, जो एक बार भी धान नही बेच पाए है। इन किसानों का आगामी 31 जनवरी से पहले खरीदी करनी होगी।

### सभी जगह हो इलेक्ट्रानिक तराजू

जिले के नव पदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज धान उपार्जन केंद्र सिरसा का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर खरीदी की गई धान की आद्रता की माप नमी मापी मशीन से कराई। उन्होंने तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक कांटा पर जोर देते हुए सभी उपार्जन केंद्रों में इसकी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को जो किसान अभी तक धान नही बेच पाए हैं, उन्हें खरीदी के निर्धारित अवधि तक धान बेचने प्रेरित करने, धान बेच चुके छोटे किसानों का रकबा समर्पण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य नियंत्रक सी पी दीपांकर, एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार प्रफुल गुप्ता, नोडल अधिकारी एसके जोशी एवं सहकारिता व नान के अधिकारी उपस्थित थे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

रेलवे कर्मी ने नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए का ठगी करने की शिकायत पुलिस में आई है। घटना की लिखित शिकायत पीड़ितों ने एसएसपी दुर्ग से किया है।

पदुम नगर डोंगरे कालोनी ईस्ट भिलाई 3 निवासी जितेन्द्र रजक ने शिकायत किया है कि पंचशील नगर चरोदा ईस्ट निवासी रेलवे कर्मी ड्राइवर अब्दूल आजम खान ने भाई को साऊदी अरब में नौकरी लगाने के नाम पर 6 लाख रुपए लिया है। अब्दुल स्वयं को प्रभावी व्यक्ति बताकर नौकरी लगाने का झांसा देकर जितेन्द्र से रुपए लिया। पीड़ित जितेन्द्र रजक भी रेलवे कर्मी है। इस कारण अब्दुल आजम खान से खासी जान पहचान है। आजम ने आजाद वीजा, पासपोर्ट और अरब देश में अच्छी कंपनी में नौकरी लगाने की बात कही थी। रेलवे कर्मी अब्दुल आजम खान को सारे रुपए किस्तों में मई से जुलाई 2022 को सारा रुपए दिया। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ित ने जब अपने 6 लाख रुपए वापस लेने के लिए रेलवे कर्मी अब्दुल आजम खान के चक्कर काटना शुरु किया। तब अब्दुल हमेशा रकम को लेकर टाल दिया करता था। इस दौरान अब्दुल ने रकम लौटाने के लिए चेक 2 अप्रैल 2023 को दिया था जिसे बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। अब रुपए नहीं लौटाने गाली गलौज जान से मारने तक की धमकी दिया करता है।

- रेलवे कर्मी ने साऊदी अरब में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

### साढ़ू भाई की तबियत का बहाना कर 9 लाख ठगे

45/17 पंचशील नगर वेस्ट चरोदा वार्ड 17 निवासी रेलवे कर्मी मो. इम्तियाज रसुल ने एसएसपी से शिकायत किया है कि रेलवे ड्राइवर पंचशील नगर चरोदा निवासी अब्दुल आजम खान ने अपने साढू भाई की तबियत खराब होने का झांसा देकर 9 लाख रुपए लिया। दो साल होने के बाद भी पीड़ित को रकम लौटाने का नाम नहीं ले रहा है। बल्कि रकम वापस मांगने पर पीड़ित मो. इम्तियाज रसुल को रोज टाल मटोल करता है। इसके अलावा पीड़ित को गाली गलौज करता रहता है। पीड़ित के मुताबिक अब्दुल आजम खान गुंडे बदमाशों तक की धमकी दिया करता है। रुपए नहीं लौटाने पर कुछ नहीं कर पाने की बात करता है। इसे लेकर एसएसपी से लिखित में शिकायत की गई है।

### मेडिकल संचालकों को पुलिस ने दी हिदायत

**भिलाई।** एसएसपी राम गोपाल गर्ग के द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस कंट्रोल रुम में मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक ली। साथ ही हिदायत भी दी कि कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक बिना डाक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दवा ना दे। नशे को लेकर चलाए जा रहे अभियान में मेडिकल स्टोर संचालक भी पुलिस के सहभागी बने। एएसपी अभिषक झा ने कहा कि बिना किसी डाक्टरी पर्ची के कोई भी मेडिकल स्टोर किसी भी हालत में प्रतिबंधित दवाओं को न बेचे व रोगी का सत्यापन करें, बाहरी व्यक्ति को बिना सत्यापन दवा न दें।

## अय्यप्पा मंदिर सेक्टर-2 से निकली शोभायात्रा, उमड़े श्रद्धालु

# मलयाली समाज ने श्रद्धा से मनाया मकरविलक्कू महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेक्टर-2 के हृदयस्थल में स्थित केरलवासियों की आस्था और भक्ति के केंद्र भगवान अय्यप्पा मंदिर में सोमवार को मकरविलक्कू पूजोत्सव आध्यात्मिक माहौल में भारी जनसमूह के बीच मनाया गया।

सहकरण सबरीमाला यात्रा संघ के तत्वावधान में आयोजित पूजोत्सव का यह 59वां वर्ष है। तड़के मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही मलयाली समाज का सबसे प्रमुख महोत्सव मकरविलक्कू शुरू हो गया, जो रात नौ बजे तक चला। इस महोत्सव में शामिल होने आसपास और दूरदराज से बड़ी संख्या में लोग आए।



### कपाट खुलते ही आध्यात्मिकता चरम पर पहुंची

ब्रह्ममुहूर्त में जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, बेसब्री से इंतजार कर रहे भक्तगणों ने पूरे जोश के साथ स्वामिये शरणमय्यप्पा के जयकारे लगा कर भगवान अय्यप्पा स्वामी के निर्माल्य दर्शन किए। भगवान की एक झलक पाते ही भक्तों की आध्यात्मिकता आपनी पराकाष्ठा पर पहुंच गई। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से मंदिर के दरबार में श्रद्धावनत होकर माथा टेका और परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। निर्माल्य दर्शन के बाद पंडित ब्रह्मश्री राहुल शर्मा और ब्रह्मश्री शंकर नारायण ने वैदिक मंत्रों के बीच अभिषेक, हरिनाम कीर्तन, गणपति हवन, ऊषा पूजा, इरुमुड़ी पूजा और भागवत पारायण जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए।




### पारंपरिक पंचवाद्य यंत्रों के बीच निकली शोभायात्रा

उधर सेक्टर 05 स्थित गणेश मंदिर से अय्यप्पा मंदिर तक विशेष रूप से सजे वाहन में भगवान के उत्सव विग्रह को रखकर आतिशबाजी के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सेंट्रल एवन्यू मार्ग से होते हुए अय्यप्पा मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में पुरुषों के साथ छोटे-छोटे बच्चे और पचास वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं भी शामिल थीं। इस दौरान पूरे समय पारंपरिक पंचवाद्य यंत्रों की ध्वनि गूंजती रही। शोभायात्रा से पहले सुबह गणेश मंदिर के प्रधान पंडित गुरुप्रसाद शिवाचार्य ने पूरे विधि-विधान से स्वामियों के सिर पर इरुमुड़ी रख कर उन्हें अय्यप्पा मंदिर के लिए रवाना किया। काले वस्त्र पहने स्वामियों ने इरुमुड़ी शिरोधार्य करके नंगे पांव ही इस मंदिर तक यात्रा की।

### इष्टदेव के किए दर्शन

शोभायात्रा के पश्चात स्वामीगण मंदिर की पवित्र 18 सीढ़ियां चढ़े और अपने इष्टदेव के दर्शन किए। इस दौरान पंडितों ने भगवान का घी से अभिषेक भी किया। दोपहर को मंदिर भवन में अन्नदान भी किया गया। पहले स्वामियों को भोग परोसा गया और उसके बाद सैकड़ों की संख्या में अन्य भक्तों को भोग वितरण किया गया। अन्नदान के बाद भजन भी हुआ। शाम को महा आरती और दीपाराधना की गई। दीपाराधना के उपरांत त्रिपदी एरक्कम भी संपन्न हुआ, जिसमें स्वामीगण भगवान अय्यप्पा के दर्शन करने के बाद उन्हीं 18 पवित्र सीढ़ियों से उतरे, जिन पर सुबह चढ़कर इन लोगों ने इष्टदेव के दर्शन किए थे।



## खबर संक्षेप



### समाजसेवी विजय का नागरिक अभिनंदन

**दुर्ग।** सार्वजनिक सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर समिति की अगुवाई में दीपक नगर के नागरिकों द्वारा समाजसेवी विजय अग्रवाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल को मंदिर निर्माण समिति का संरक्षक नियुक्त किया गया। श्री विजय अग्रवाल ने मंदिर निर्माण के लिए यथा संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। ज्ञात हो की सार्वजनिक श्री हनुमान मंदिर प्राचीन होने के कारण जर्जर हो गया है, जिसके संपूर्ण नवीनीकरण हेतु मंदिर समिति सक्रिय है। नागरिक अभिनंदन के दौरान अनूप गटागट, विजय जलकारे, श्रीमती मीना सिंह, श्रीमती नंदा साहू, संतोष यादव, संदीप मानापुरे आदि उपस्थित रहे।

### 22, 26 एवं 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने 22, 26 एवं 30 जनवरी को जिले के सभी मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजित होना है, वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाना है। इस अवसर पर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं लायसेंस, थोक भांग एवं भांग घोटा की फुटकर दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार भिलाई पूर्णतः बंद रहेंगे।

### रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अफसरों की नियुक्ति

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 7 दुर्ग लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचित पदनाम के अनुरूप सुचारू रूप से कार्य संपादन हेतु रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के रिटर्निंग अधिकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी होगी। इसी प्रकार विधानसभावार क्रमशः 62 पाटन के लिए अनुविभागीय अधिकारी, पाटन दीपक कुमार निकुंज, 63 दुर्ग ग्रामीण के लिए अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग मुकेश रावटे, 64 दुर्ग शहर के लिए अपर कलेक्टर दुर्ग अरविन्द कुमार एक्का, 65 भिलाई नगर के लिए अपर कलेक्टर दुर्ग गोकुल रावटे, 66 वैशाली नगर के लिए संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी तथा 67 अहिवारा के लिए अनुविभागीय अधिकारी रा धमधा विनय कुमार सोनी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### स्थानीय अवकाश घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार 22 को अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, शुक्रवार 11 अक्टूबर को दशहरा, महाअष्टमी, महानवमी एवं 1 नवम्बर को दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश बैंक व कोषालय पर लागू नहीं होगा।

# जनदर्शन में दिव्यांगों ने की ट्रायसिकल और पेंशन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर जनदर्शन में पेंशन और दिव्यांगों ने ट्रायसिकल की मांग की है। इसके आलावा कैंप टू भिलाई के उप स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन बगैर डाक्टरों के हो रहा है। यहां डाक्टरों की भर्ती की मांग की गई। इस दौरान जनदर्शन में 134 पीडितों ने आवेदन लगाए है।

जनदर्शन में ट्रायसायकल प्रदाय करने आवेदन लेकर पहुंचे कुम्हारी निवासी दिव्यांग को तत्काल व्हीलचेयर प्रदान किया गया। कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरेश गेंडरे को समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर तत्काल ट्रायसायकल प्रदान किया गया। ग्राम खम्हरिया निवासी बलीराम देवांगन वृद्धा पेंशन दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उम्र अधिक होने के कारण किसी प्रकार की रोजी मजदूरी करने में असमर्थ हूं। इसी प्रकार भिलाई निवासी ने आवास आबंटन के लिए आवेदन दिया। आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि, वह पैरों से विकलांग है तथा पूरी तरह से अपने परिवार पर आश्रित हूं। आवास नही होने के कारण साले के घर में रहना पड़ता है। गरीबी रेखा के तहत किसी भी प्रकार की सरकारी योजना का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## प्राप्त हुए 134 आवेदन, कलेक्टर ने किया निराकरण

### अस्पताल में डॉक्टर नहीं, रूका टीकाकरण

संतोषी पारा वार्ड नम्बर 33 केम्प 2 भिलाई के उप स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर उपलब्ध कराने एवं पेयजल व शौचालय संधारण की मांग की। भिलाई निवासियों ने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर मौजूद नही होने कारण महिलाओं को बच्चे के टीकाकरण एवं अन्य उपचारों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विगत एक माह से डॉक्टर पदस्थ नही है। यहां पेयजल एवं शौचालय की सुविधा नही होने के कारण कार्यरत लोगों एवं मरीजों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



### पेंशन की अधिक शिकायतें

जनदर्शन में सबसे ज्यादा शिकायत पेंशन को लेकर सामने आई है। समाज कल्याण विभाग की माने तो विगत दो माह से राज्य शासन द्वारा आबंटन जारी नही किया गया था। जिसके चलते पेंशन जारी नही किया। लेकिन वर्तमान में अभी भी लगातार पेंशन नही मिलने की शिकायते सामने आ रही है। पेंशन नही मिलने से बुजूर्गो को जिला प्रशासन और बैंक अधिकारियों के आश्वासन से परेशान होना पड रहा है।

## रियल स्टेट : टारगेट के मुकाबले विभाग को मिला 62 फीसदी राजस्व

# पाटन में ज्यादा रजिस्ट्रियां, दूसरे नंबर पर दुर्ग और धमधा सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वित्तिय वर्ष 2023-24 के जनवरी माह तक जिले में सबसे ज्यादा रजिस्ट्री पाटन ब्लाक में दर्ज की गई है। जबकि दूसरे नंबर पर दुर्ग में रजिस्ट्री हुई हैं और सबसे कम धमधा में 3.31 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। रियल स्टेट मार्केट में हमेशा की तरह रायपुर से लगा हुआ पाटन इन्वेस्टरों को नए प्रोजेक्ट लांच करने के लिए आकर्षित किए हुए है।


मिली जानकारी अनुसार इस वित्तिय वर्ष जिला पंजीयक को 360 करोड रूपए का सालाना टारगेट दिया गया है। अप्रैल माह से अब तक ग्यारह माह में विभाग को 226 करोड 50 लाख रूपए प्राप्त हो चुके है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में विभाग को 214 करोड 85 लाख रूपए का आय मिला था।

इस तरह पिछले साल के मुकाबले इस बार रियल स्टेट में 5.42 फीसदी अधिक रजिस्ट्री हुई है। टारगेट के मुकाबले हांलाकि विभाग पीछे चल रहा है। टारगेट के अपेक्षा विभाग को सिर्फ 62 फीसदी राजस्व प्राप्त हुए है। अधिकारियों का कहना हैं कि, मार्च माह में ही रजिसट्रियां हर साल जोर पकडती है। जिसके चलते वित्तिय वर्ष के अंतिम पडाव में ही राजस्व प्राप्त हो पाता है। इस बार दीपावली पर्व में आचार संहिता लगने के कारण नगदी राशि रखने के लिए लिमिट तय कर दिया गया था। पचास हजार की लिमिट तय किए जाने से इस बार दीपावाली पर्व में रजिस्ट्री कमजोर रही। हांलाकि अफसरों का दावा है कि, मार्च माह में इसकी पूर्ति कर ली जाएगी।

**खास बातें**

- दुर्ग में आईटी पार्क से बढेगा इन्वेस्टरों का रूझान
- तीनों ब्लाक से हर साल दुर्ग में अधिक रजिस्ट्रियां
- नए वित्तीय वर्ष में नई दर एक अप्रैल से होगी लागू

## वित्तीय वर्ष का सिर्फ दो माह शेष, टारगेट पूरा करना चुनौती



### नई सरकार पर टिकी नजर

पिछले कांग्रेस सरकार द्वारा कलेक्टर गाइड लाइन में लगातार तीन सालों से तीस फीसदी छूट दी गई थी। यही नहीं कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में कलेक्टर गाइड लाइन को यथावत रखा था। लेकिन अभी राज्य की सत्ता पर भाजपा की सरकार बैठ गई है। ऐसे में इन्वेस्टरों की निगाहें रियल स्टेट बाजार में इन्वेस्ट करने करने के बाद शासन की ओर निगाह जमाए हुए है। हांलाकि अब नए वित्तिय वर्ष में फैसला समझ आएगा। बहरहाल तीस फीसदी छूट अभी भी दिया जा रहा है।

### पाटन में इन्वेस्ट करने पर ही फोकस

दुर्ग जिले के रियल स्टेट मार्केट को देखे तो इन्वेस्टरों का रूझान रायपुर के अमलेश्वर में ही रहता है। अमलेश्वर में इनवेस्ट का लाभ पाटन ब्लाक को भी मिलता रहा है। यहां निजी बिल्डर से लेकर हाउसिंग बोर्ड के सरकारी आवास भी ज्यादातर यही है। जिसके चलते रजिस्ट्री यह हर साल अधिक होती है। पाटन में पिछले साल से 26 से 29 करोड यानि 12.04 फीसदी, दुर्ग में 176 से 185 करोड 5.02 फीसदी और धमधा में 12 से घटकर 10 करोड 3.31 फीसदी पिछले साल से कम रजिस्ट्री हुई है।

### 62 फीसदी रजिस्ट्री

इस वित्तिय वर्ष में पिछले साल के मुकाबले रजिस्ट्री आगे चल रही है। उम्मीद है कि, आगामी मार्च तक टारगेट पूरा कर लिया जाएगा।

**-पुष्पलता ध्रुवे,** जिला पंजीयक, दुर्ग

# योग के जरिए तनाव से दूर रहने शिविर में बताएंगे गुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

देशभर में अब तक ढाई सौ से अधिक योग शिविर आयोजित करने वाले सन टू ह्युमन फाउंडेशन द्वारा आगामी दिनों पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में 18 से 23 जनवरी तक नए दृष्टिकोण वाला शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस निःशुल्क शिविर का मूलमंत्र प्रवचन नहीं, प्रयोग है का नाम दिया गया है।

इसलिए शिविर में आहार, व्यायाम व ध्यान के माध्यम से शरीर और मन की शक्तियों को जागृत करने की कला सिखाई जाएगी। शिविर के सत्र उपरांत प्रतिदिन शिविरार्थियों को पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता वितरित किया जाएगा। यह नाश्ता शरीर को शक्तिशाली बनाने में सहायक सिद्ध होगा। शिविर में संस्था के संस्थापक पूज्य परम आलय पधारेंगे। वे शिविर में चौथे, पांचवे व छठवें दिन शिविरार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। शिविर के लिए अब तक ढाई हजार लोगों ने अपना पंजीयन करवा लिया है। पंजीयन का 16 जनवरी अंतिम दिन है। फाउंडेशन की सदस्य परम सदस्य जानकी मां (रायपुर) ने सोमवार को मीडिया से चर्चा में बताया कि, दुर्ग शहर में नए दृष्टिकोण वाला शिविर आयोजन का यह दूसरा वर्ष है। पिछले शिविर में लगभग तीन हजार शिविरार्थियों ने हिस्सा लिया था। शिविर के माध्यम से शरीर और मन की शक्तियों को जागृत किया जाता है। शिविर से लोगों को अपनी गंभीर शारीरिक एवं मानसिक बिमारियों से छुटकारा मिल चुका है। शिविर में संयमित आहार से जीवन को स्वस्थ बनाने की कला सिखाई जाती है। मीडिया से चर्चा के दौरान संस्था सदस्य रवि मलय, शिवालय , शिविर संयोजक शांतिलाल चोपड़ा,उत्तम बरड़िया, प्रफुल्ल संचेती, रामदास खत्री भी मौजूद थे।

- नए दृष्टिकोण वाला शिविर 18 से, स्वस्थ जीवन की सिखाई जाएगी कला

### रक्तदान के महत्व पर व्याख्यान

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास सोसायटी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान के महत्व पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अनिल बल्लेवार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति इसे अपना कर्त्तव्य एंव समाज के प्रति जिम्मेदारी समझें। श्री राज अडतिया कुलवंत भाटिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रवीणचन्द्र तिवारी, सचिव दिलीप इंगले, डॉ. पूजा मल्होत्रा, अखिलेश अग्रवाल, श्रीमती मधु गोस्वामी, एनएसएस अधिकारी श्रीमती निधि मिश्रा व डॉ. उमेश वैद्य आदि उपस्थित रहे।

# हादसों का चौक बना शहर का मालवीय नगर




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गलत इंजीनियरिंग डिजाइन की वजह से मालवीय नगर चौक नया बनने के बाद भी हादसों की चौक के रूप में कुख्यात हो गया है। यहां स्टेशन चौक से जेल रोड की ओर जाने वाली वाहनों को भिलाई से आते हुए वाहन दिखाई ही नहीं देते वैसे ही जेल रोड से स्टेशन की ओर जाने वाले वाहनों को कचहरी से भिलाई की ओर जाने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। परिणामस्वरूप हादसे हो रहे हैं। 14 जनवरी को चौक पर एक कार गंभीर हादसे की शिकार हो गई। यातायात विभाग की ओर से लगाया गया सिग्नल भी ठीक से नियंत्रित नहीं है। परिणाम स्वरूप आए दिन वाहन टकरा रहे हैं और जान माल का नुकसान हो रहा है यातायात विभाग के जिम्मेदारों को अवगत कराने की पश्चात भी वे इसकी अनदेखी कर रहे हैं। नागरिकों ने इसकी शिकायत विधायक और सांसद से करने का निर्णय लिया है।

- विधायक व सांसद से करेंगे शिकायत

# 2024 का आयोजन, विद्यार्थियों ने दी नृत्य संगीत की मोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रदर्शनात्मक कला विभाग द्वारा नये वर्ष 2024 के स्वागत में आगाज़ 2024 का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- गर्ल्स कॉलेज में हुआ आयोजन

प्राचार्य डॉ. सुशीलचंद्र तिवारी ने कहा कि छात्राओं में समारोह के लिये बहुत उत्साह रहा है। इस तरह के आयोजन से छात्राओं की प्रतिभा सामने आती है एवं उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। वर्ष 2024 के स्वागत में छात्राओं ने अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का परिचय दिया है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीसी अग्रवाल ने आयोजन में छात्राओं के उत्साह की प्रषंसा की।कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया छात्राओं के लिए एक लगान, एकल नृत्य, युगल नृत्य और ट्रायो नृत्य तथा समूह नृत्य प्रतियोगिता रखी गई जिसमें लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य से कार्यक्रम को रोचक बना दिया। छात्राओं द्वारा योग पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति एवं नृत्यांजली समूह की प्रस्तुति की गई जिसे सभी ने सराहा।छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुति से आभूत दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं ने भी ताल से ताल मिलाकर पूरे माहौल को नृत्य संगीत से भर दिया। मंच सज्जा कु. तृप्ति खरे, सहा. प्रा., कु. मधु पाण्डेय, सहा. प्रा., लावेन्द्र कुमार साहू सहा. प्रा. द्वारा की गई। गायन प्रतियोगिता का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले एवं कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया। डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. व्हीके वासनिक, कु. वाणी दिल्लीवार एवं नीलम परिहार ने निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम का आनन्द उठाया।







BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005 recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com

Applications are invited for the position of

VICE-CHANCELLOR

A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.

Professor, Associate Professor, Asst. Professor

Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.

Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com

Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.

Registrar

Website : www.bhartiuniversity.org

## अग्रवाल संगठन का दो दिवसीय समारोह संपन्न

# शादी पर फिजूल खर्च रोकने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के दो दिवसीय अष्टम अग्र अलंकरण समारोह एवं 16 वां प्रांतीय अधिवेशन विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ l

विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल दुर्ग, सांसद संतोष पांडेय राजनांदगांव एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के कार्य कारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल उपस्थित थे l अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने की l डॉ रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहां कि, भगवान राम के वंशज अग्रवाल समाज सेवा कार्यो में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते आया है, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी अग्रवाल समाज की अहम भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप मित्तल अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ने कहा कि, अग्रवाल समाज का अतीत भी गौरवशाली रहा है। विजय बघेल एवं सांसद संतोष पांडे ने भी कार्यों की प्रशंसा की गई। अग्र अलंकरण समारोह में 18 विभिन्न क्षेत्रों के प्रदेश के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

- प्रदेशभर से सम्मिलित हुए पदाधिकारी




### महासचिव को किया गया सम्मानित

प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने बताया कि, सर्वश्रेष्ठ व उत्कृष्ट पदाधिकारी के रूप में मनोज अग्रवाल प्रदेश महासचिव एवं अशोक अग्रवाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मंगल परिणय के संचालन के लिए शोभा केडिया कोरबा एवं महिला पदाधिकारी के रूप में अनीता अग्रवाल एवं हेमलता मित्तल को भी मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया।

### सम्मेलन में इस तरह के फैसले

संगठन के चेयरमैन अशोक अग्रवाल सचिव पंकज अग्रवाल एवं संजय गर्ग में जानकारी देते हुए बताया कि, 16 वें प्रांतीय अधिवेशन में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें शादी में फिजूल खर्च पर रोक लगाने हेतु आह्वान किया गया। अग्र सेना का गठन, आजीवन सदस्य बनाने हेतु जोर, वर्ष में एक बार पिकनिक, हॉस्पिटल, अग्रसेन मन्दिर बनाने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।




यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### कुथरेल में मंडई आज

**अंडा।** कुथरेल में 16 जनवरी को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया हैं, इस अवसर पर रात्रिकालिन 10 बजे मोर संगी जहुरिया नाचा पार्टी ग्राम गुजरा जिला धमतरी वालो का कार्यक्रम रखा गया है ।

### गुरेदा में मंडई आज

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी गुरेदा के तत्वावधान में 16 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। समिति के अध्यक्ष कमलेश, सरपंच हेमंत निषाद,देवेंद्र सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर रात्रिकालिन 10 बजे ज्ञान के पूजा मूडमाडी नाचा पार्टी महाराष्ट्र वालो का आयोजन रखा गया हैं।

### मानस को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत



**जामगांव आर।** भरर शासकीय स्कूल के छात्र मानस चंद्राकर ने स्काउट गाइड में दुर्ग जिले का नाम रोशन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्राचार्य श्री मंडावी ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर विकासखंड पाटन के कक्षा 11वीं में अध्यनरत स्काउट मानस चंद्राकर 11 जनवरी को राज्यपाल द्वारा राज्यपाल पुरस्कार दिया गया। मानस दुर्ग जिले से एकमात्र विद्यार्थी जिसका चयन राज्यपाल पुरस्कार के लिए हुआ था।

## अंचल के विभिन्न जगहों पर धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

# श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का लोगों को आमंत्रण देने निकली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पीसेगांव में प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या से आये अक्षत कलश का भ्रमण कराने शोभायात्रा निकाली गई। गांव के युवाओं एवं सृजनशील महिला मंडल पीसेगांव द्वारा जस गीत, रामसत्ता, भक्ति गीतों के माध्यम से 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया। ग्राम में जगह-जगह महिलाओं द्वारा आरती पूजन कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के संयोजक रमाकांत देशमुख ने बताया कि अक्षत कलश शोभायात्रा शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर गांव का भ्रमण करते हुए वापस शीतला मंदिर पहुंचा जहां पर प्रभु श्री राम की आरती और हनुमान चालीसा के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस शोभा यात्रा में न्यू सत के अंजोर पंथी नृत्य दल पीसेगांव, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज पीसेगांव, जय श्रीकृष्ण नेवरिया चरवाहा समिति पीसेगांव, सरिता महिला मानस मंडली पीसेगांव, सृजनशील युवा/ महिला मंडल पीसेगांव, युवा लक्ष्मी उत्सव समिति पीसेगांव, निषाद समाज पीसेगांव, नवीन लक्ष्मी उत्सव समिति आबादी पारा पीसेगांव, ग्राम शीतला समिति पीसेगांव, बाल लक्ष्मी उत्सव समिति बाड़ी पारा पीसेगांव एवं सर्व समाज पीसेगांव समस्त ग्रामवासी पीसेगांव का विशेष सहयोग रहा।

### अक्षत कलश की महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



### अहिवारा नगर में शुरू हुआ अक्षत वितरण का अभियान



**नंदिनी अहिवारा ।** 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अयोध्या से आए अक्षत वितरण का अभियान अहिवारा नगर में शुरु किया गया। नगर के विभिन्न वार्डों में संपर्क टोलियां घर-घर जाकर अक्षत वितरण कर प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रहे हैं। इसी तारतम्य में नंदिनी अहिवारा में आनंद ताम्रकार के नेतृत्व में नगर में निमंत्रण देने के लिए बजरंगबली व वानरसेना की झांकियों के साथ आमंत्रण रैली नंदिनी टाउनशिप मार्केट व वार्ड क्रमांक 10 में भ्रमण कर घर-घर जाकर अक्षत वितरण किया गया। इस अवसर पर नगरवासियों द्वारा अक्षत कलश का पूजा-अर्चना किया गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम ठाकुर, रामसुभाग कोरी, रौशन साहू, बंसत वर्मा, केके सिदार, राहुल चंदेल, रौनक ताम्रकार, लोकेश सेन्दरे, सौम्य मिर्चे, करण साहू, आर्यन जैन, महावीर, केजीएफ राजु यादव, देव मानिकपुरी, नरेश निषाद, गोपाल निषाद, रितिक मानिकपुरी, पांडु, तुलसी ताम्रकार, यशोदा यादव, बिसाखा चन्द्राकर, ममता जंघेल, मंजू वर्मा, तुलसी साहू, उर्वसी आदि उपस्थित रहे। तथा नटवर ताम्रकार अध्यक्ष नगर पालिका अहिवारा, अनुज साहू पार्षद, सतीश साहू, पवन जैन, भगवान सिंह आदि उपस्थित थे।

### छाटा में राधा-कृष्ण मूर्ति का होगी प्राण प्रतिष्ठा

**सेलूद।** अयोध्या में श्री राम मंदिर की भव्य निर्माण के बाद श्री राम लला की स्थापना के अवसर पर भव्य तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम छाटा में भी राम भक्तों की टोली सहित समस्त ग्रामवासी के द्वारा दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में श्री राम भक्त टोली की बैठकों का दौर जारी है। सोमवार को राम भक्तों ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उद्घाटन एवं ग्राम छाटा में श्री राधा कृष्ण मूर्ति स्थापना का आमंत्रण बांटने पूरे गांव में घर-घर तक पहुंचे। सभी को इस आयोजन में होने के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल मौजूद रहेंगे। इस दौरान बलराम यदु, लालजी साहू, अरुण साहू, रामकृष्ण वर्मा, सतीश वर्मा, निरंजन यादव, बसंत यदु, जगतपाल, भगवती साहू, रविशंकर यादव, शिवा साहू, सोहन साहू, युवराज वर्मा, गुरुदेव चक्रधारी, हिरेन्द्र वर्मा आदि मौजूद थे।



## कुम्हारी शहर को स्वच्छता के लिए मिला सर्वोच्च पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों में छत्तीसगढ़ को विभिन्न पुरस्कार की श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। इनमें कुम्हारी को स्वच्छ श्रेणी में क्लीन सिटी सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया गया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम ने आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छता पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की। कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेन्द्र कुशवाहा, गौरव केशरवानी जिला समन्वयक, हरिकिशन पवारिया, स्वच्छता दीदी शोभा चक्रधारी ने मोहुवा सचिव मनोज जोशी के हाथों से पुरस्कार ग्रहण किया। वहीं मोहुवा सचिव के हाथों से राष्ट्रीय पुरस्कार लेने के बाद राजेश्वर सोनकर ने कहा कि कुम्हारी ने एक इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह प्रथम अवसर है कि कुम्हारी को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले छत्तीसगढ़ के 5 शहरों में से कुम्हारी भी है। हम आगामी वर्षों में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

- आगामी वर्ष में और भी बेहतर प्रदर्शन का किया वादा

### खुर्सीपार वार्ड 47 में निकाली प्रभातफेरी



**भिलाई।** रिद्धि सिद्धि मानस मंडली शांकरपारा न्यू खुर्सीपार वार्ड 47 द्वारा पिछले 1 महीने से रोज सुबह प्रभातफेरी का आयोजन खुर्सीपार के हर वार्ड मे किया जा रहा है। यह प्रभातफेरी अध्यक्ष हेमलाल साहू, उपाध्यक्ष राज पंजवानी द्वारा किया जा रहा है।

## बिजनेस साइट

### राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो को मिल रहा प्रतिसाद




**भिलाई।** श्री कृष्णा हथकरघा, हस्तशिल्प एवं ग्रामोद्योग समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपों 2024 की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कला मंदिर के सामने, वेल्डेक्स शेड, सिविक सेंटर भिलाई में संचालित प्रदर्शनी के संचालकों द्वारा भिलाई दुर्ग वासियों के लिए अब 1 जनवरी 2024 से प्रारंभ किया गया है ताकि भिलाई दुर्गवासी इस मेले में खरीदी का लुत्फ ले सकें। आप इस प्रदर्शिनी में आकर यहां का लाभ लें, प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने, वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालक मनीष यादव ने चर्चा के दौरान बताया यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है, राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो 2024 में भारत के अलग-अलग राज्यों के अर्थेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। संचालक मनीष यादव ने बताया कि जहां कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है। वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन और कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं भिलाई में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। हैंडलूम सामानों की खरीदी पर 20 प्रतिशत का आकर्षक डिस्काउंट भी ग्राहकों हेतु रखा गया है। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदी का लाभ उठाए यहां डेबिट व क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। सुबह 10 से रात 10 बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं एवं असुविधा ना हो इस प्रदर्शनी में इसलिए ग्राउंड मे ही व्यवस्था के साथ भरपूर स्थान पार्किंग के लिए भी है।

### ज्वेलर्स पारख के भिलाई और पारख ज्वेलर्स के दुर्ग शो रूम के बंपर लकी ड्रा इवेंट में शामिल हुए विधायक रिकेश



**भिलाई।** भिलाई शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलर्स में शामिल 110, आकाश गंगा सुपेला स्थित ज्वेलर्स पारख ब्रदर्स एण्ड कंपनी और जवाहर चौक दुर्ग स्थित पारख ज्वेल्स, हॉलमार्क गोल्ड आभूषणों के साथ ही शानदार उपहारों की विशाल श्रृंखला की सौगात शहरवासियों देता आ रहा है। इसी कड़ी में शोरूम द्वारा हुए सोमवार को हुए बंपर लक्की ड्रा के कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शिरकत की और लक्की मेगा ड्रा के विजेतओं के नाम की घोषणा की। बंपर लक्की ड्रा में अनुपर्णा गोस्वामी ने प्रथम उपहार होण्डा एक्टिवा, कैलाश सेठी ने द्वितीय पुरस्कार 43 इंच स्मार्ट एंड्राइड एलईडी टीवी और गजेन्द्र साहू तृतीय पुरस्कार 1.5 टन एसी के विजेता रहे। उल्लेखनीय है कि पारख ब्रदर्स एण्ड कंपनी और जवाहर चौक दुर्ग स्थित पारख ज्वेल्स द्वारा दिये जा रहे इस विशेष लकी ड्रा के तहत प्रत्येक 10,000 रुपए की खरीदी पर कूपन और निश्चित उपहार दिया जा रहा था और साथ ही प्रत्येक शनिवार 4 लक्की विजेताओं को सरप्राइज गिफ्ट जीतने का भी मौका दिया गया था। ज्वेलर्स पारख ब्रदर्स एण्ड कंपनी और पारख ज्वेल्स विगत कई वर्षों से मनमोहक डिजाइन के आधुनिक व पारंपरिक आभूषणों को पेश करता आ रहा है। शादी विवाह सहित अन्य अवसरों में सोने व चांदी के आभूषणों की खरीदारी करने के लिए आकाश गंगा सुपेला व जवाहर चौक दुर्ग स्थित शो रूम में विजिट किया जा सकता है।

### मकर संक्रांति पर रूंगटा आर-1 ग्रुप के विद्यार्थियों ने उड़ाई पतंग



**भिलाई।** जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में मकर संक्रांति के मौके पर काइट फेस्टिवल का आयोजन हुआ। इस पतंग उत्सव में रूंगटा आर-1 समूह के करीब एक हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समूह के चेयरमेन संतोष रूंगटा ने विद्यार्थियों को इस खास पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि मकर संक्रांति के मौके पर किया गया दान सौ गुना होकर वापस लौटता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा दान को बढ़ावा देने के लिए कहा, ताकि यह उनके साथ-साथ दूसरों के लिए भी फलदायी बन जाए। पतंग उत्सव में रूंगटा समूह के डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा, डॉ. मनोज वर्गीस, डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. वाईएम गुप्ता, प्राचार्य डॉ. राकेश हिमते, डॉ. नीमा एस बालन, डॉ. मुकेश शर्मा ने भी पतंग उड़ाई। काइट फेस्टिवल के जरिए विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पतंग को खुले आसमान में पहुंचाया। हर पतंग पर खुद का नाम लिखकर खुद से वादा किया कि वे भी एक दिन आसमां को जरूर छूएंगे। विद्यार्थियों के लिए इस कार्यक्रम में कई तरह के गेम्स भी रखे गए। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की कला-संस्कृति को उनकी वेश-भूषा से प्रदर्शित किया। गुजरात और महाराष्ट्र की पतंगबाजी जैसा माहौल बनाया। मौज-मस्ती और प्रतिस्पर्धा का तत्व जोडने के लिए विशेष रूप से छात्राओं के लिए पिटथुल खेल भी कराया गया। डॉ. सुशील पुनवतकर एचओडी और एसोसिएट प्रोफेसर और नेहा यादव सहायक प्रोफेसर के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जू जित्सू मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में दुर्ग-भिलाई के बच्चों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



दो दिवसीय जू जित्सू मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन राजनादगांव के अजीत पब्लिक स्कूल में आयोजन किया गया था। जिसमें दुर्ग-भिलाई से 37 बच्चों ने भाग लेकर नेवाजा कांटेक्ट फाइट एवं फायटिंग इवेंट में फाइट कर 32 गोल्ड, 5 सिल्वर एवं सात ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। जिसमे सीनियर वेट कैटेगरी के बच्चे उत्तराखंड राज्य के देहरादून शहर में फरवरी माह में होने जू जित्सू चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने हर तरह मदद करने का आश्वासन दिया एवं सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। दुर्ग जिला जू जित्सू के सचिव देवा साहू, कोच रंजन डे, सुषमा जांगड़े, आशीष इन्फोटेक के डायरेक्टर आशीष चंद्राकर, संजय साहू, इंदौर से भंडार महेश देवांगन, अभिषेक पेनरिया, आदित्य चंद्राकर, परिनीता चंद्राकर ने सभी बच्चों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जोन 2 खुर्सीपार में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई




शाउमा शाला जोन 2 खुर्सीपार में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा एवं अध्यक्षता दया सिंग, विशेष अतिथि डी सुजाता उप सभापति, पार्षद श्याम सुंदर राव, सरीता बघेल पार्षद, विधायक प्रतिनिधि डी कामराजू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने शालेय प्रबंधन को इस आयोजन पर शुभकामनाएं दी व स्कूल की अतिरिक्त कमरे की मांग पर बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर पूर्ण करने का आश्वासन दिए। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुरलीधर एवं प्राचार्य मणिकांत साहू ने सांसद को शाला परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के नीलकंठ हरमुख, गुड्डु खान, नाशिर, बादल डे, कौशल्या देवी, रवि जोसफ सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

- स्कूल की अतिरिक्त कमरे की मांग पर बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर पूर्ण करने का आश्वासन दिए



### जामगांव आर में विधायक ईश्वर का किया स्वागत

**जामगांव आर।** पाटन में आयोजित सामाजिक सम्मेलन में जामगांव आर क्षेत्र के अनेकों लोगो ने साजा विधानसभा के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ईश्वर साहू का भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालो में भुनेश्वरी साहू महिला उपाध्यक्ष जामगांव आर परिक्षेत्र, त्रिवेणी पूर्व महिला उपाध्यक्ष जामगांव आर, कल्याणी साहू, मनीष साहू उपाध्यक्ष, अंगेश्वर साहू मीडिया प्रभारी परिक्षेत्र आदि शामिल रहे।
इस दौरान वरिष्ठ नेता कामता प्रसाद साहू ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित विधायक ईश्वर साहू को बधाई देते हुए स्वागता किया।

## बीएसपी में ठेका मजदूरों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एचएमएस यूनियन से संबद्ध भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने बीएसपी के ठेका मजदूरों को न्यूनतम वेतन दिलाने से सहित अन्य समस्याओं के निदान की मांग की है। बीएसपी के आईआर विभाग के हिदायद के बाद भी कार्य स्थल पर तैनात अधिकारी ठेकेदार और कंपनी से फर्जी साइन कराकर एनओसी ले लेते हैं



श्री मिश्रा ने बताया कि बीएसपी में एडब्लयूए के नियमानुसार ठेका मजदूरों को बोनस, छुट्टियों का पैसा आदि नहीं दिया जाता है।अगर कुछ ठेकेदार व कंपनी बोनस देते भी हैं तो वह राशि दो चार हजार ही होती है। उन्होंने बताया क अकुशल मजदूरों को सुरक्षा के बारे में जानकारी व प्रशिक्षण नहीं दिए जाने से संयंत्र में आए दिन हादसों में मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।प्रबंधन को सभी 22 हजार मजदूरों का बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम तुरंत लागू करना चाहिए। जो आदेश का पालन नहीं करते हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कांट्रेक्ट एग्रीमेंट में भी न्यूनतम वेतन और सुविधाओं के बारे में स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। वर्ष 2017 से कैश पेमेंट के बजाय लागू की गई बैंक पेमेंट की सुविधा भी सभी मजदूरों को मिलनी चाहिए। जो भी ठेकेदार व कंपनी एग्रीमेंट के अनुसार भुगतान व सुविधा उपलब्ध नहीं कराता है तो प्रबंधन द्वारा उसका भुगतान रोका जाना चाहिए।

- एएमएस यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से की मांग

### महालक्ष्मी यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन 21 से

**नंदिनी अहिवारा।** छत्तीसगढ़ में पहली बार एक साथ एक मंच पर जगतगुरू का होगा आगमन। ग्राम निर्माण योजना ट्रस्ट एंव श्रीरामकथा आयोजन समिति आनंद धाम सगनी में होगा। यह आयोजन 21 से 25 जनवरी तक 11 कुण्डीय गरूड़ वाहिनी महालक्ष्मी यज्ञ एवं विराट महासंत सम्मेलन में श्री राम कथा होगा। पीठाधीश्वर श्री कामदगिरी जगतगुरू रामानंदाचार्य, स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज चित्रकुटधाम, जगत रामानुजाचार्य धनश्यामाचार्य महाराज, श्रीतन तुलसी मैथिल्य, द्वाराचार्य, विष्णुदेवायाचार्य महाराज, हनुमत जगतगुरू रामानंदाचार्य, धीरेन्द्राचार्य, नरसिंह, जगदाचार्य, मदनगोपालचार्य एवं अनुप शास्त्री चित्रकुट धाम उपस्थित रहेंगे। समिति अध्यक्ष दिलेश्वर सिंह क्षत्रिय ने बताया कि प्रतिदिन के कार्यक्रम 5 से 5.30 बजे तक सामूहिक प्रार्थना, 5.30 से 6.30 बजे तक साफ-सफाई, 6.30 से 8 बजे तक स्नान, पूजा यज्ञ तैयारी, 8 से 11 बजे तक यज्ञ, 11 बजे से 1 बजे तक भोजन अवकाश, 1 बजे से 5 बजे तक संध्या कालीन प्रार्थना होगा। तथा श्रीराम कथा की तैयारी प्रारंभ हो गया है।

## शहर में चल रहे कबाड़, शराब व्यवसाय पर प्रतिबंध लगाने की मांग

# दया ने अवैध कारोबारियों के खिलाफ कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



शहर में अनैतिक कबाड़ का व्यापार, शराब की अवैध बिक्री, नशे की गोलियों का अवैध कारोबार तथा जुआ-सट्टा जैसी सामाजिक कुरितियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी व एसपी राम गोपाल गर्ग से मिलकर दया सिंह ने अनैतिक व्यापार से जुड़े आसामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।

सिंह ने कहा है कि भिलाई शहर में अनैतिक व्यापार हावी हो गया है। खुर्सीपार के कई वार्डों में शराब का अवैध रूप से व्यापार किया जा रहा है। क्षेत्र में कबाड़ियों पर भी लगाम नहीं लग पा रही है। नाबालिग मेडिकल स्टोर्स से आसानी से नशे की गोलियां लेकर मदमस्त हो रहे हैं और इसके कारण कई अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। यही नहीं शहर में जुआ व सट्टे का अनैतिक कारोबार भी खूब फल फूल रहा है। इसके अलावा सरकारी राशन की दुकानों में पीडीएस के चावल की भी कालाबाजारी जोरों पर है। कई क्विंटल चावल का हेरफेर हो रहा है जिससे सरकार के खजाने पर असर पड़ रहा है।

दया सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि क्षेत्र में कई नामी कबाड़ी हैं जो अनैतिक व्यापार कर रहे हैं जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। जुआ व सट्टे की लत के कारण युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। यह सभी अकेले खुर्सीपार क्षेत्र का मामला नहीं है बल्कि पूरे शहर का है। भिलाई नगर व वैशाली नगर विधानसभा में कई ऐसे वार्ड हैं जहां अनैतिक कारोबार फल फूल रहा है। दया सिंह ने कलेक्टर व एसपी से कहा है कि इस प्रकार के अनैतिक कार्यों पर लगाम लगाने प्रभावी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी व एसपी राम गोपाल गर्ग द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

